# 24 आय के शीर्षों के तहत हानियों का समायोजन

## Carry Forward and Set off of Losses

प्रायः मकान संपत्ति, व्यापार अथवा पेशे, पूंजी लाभ तथा अन्य स्त्रोतों से आय शीर्ष से हानि हो सकती है, परन्तु वेतन शीर्ष के अंतर्गत हानि नही होती है। हानियों का समायोजन शीर्ष वार, उसी वित्तीय वर्ष में यथासंभव किया जाता है, परंतु अधिक हानि होने पर आगामी 8 कर निर्धारण वर्षों में, होने वाले लाभ से समायोजन करने का प्रावधान धारा 70 से 80 के तहत वर्णित है।

हानियों के समायोजन के महत्वपूर्ण प्रावधानों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| आय के शीर्ष | धारा | उसी वित्तीय वर्ष में समायोजन | अधिकतम अगले 8 वर्षों समायोजन |
|---|---|---|---|
| मकान सम्पत्ति से हानि | धारा 71 | किसी भी शीर्ष की आय से | मकान सम्पत्ति शीर्ष की आय से |
| व्यापार अथवा पेशे से हानि | धारा 72 | किसी भी शीर्ष की आय से | व्यापार अथवा पेशे शीर्ष की आय से |
| सट्टे के व्यापार से हानि | धारा 73 | केवल सट्टे के व्यापार की आय से | सट्टे के व्यापार की आय से |
| अल्पकालिक पूंजी से हानि | धारा 70 | अल्प/दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ आय से | अल्प/दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ आय |
| दीर्घकालिक पूंजी हानि | | केवल दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ आय से | केवल दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ आय से |
| लॉटरी, घुड़दौड़,ताश से हानि | | किसी भी दशा में पूर्ति योग्य नही | किसी भी दशा में पूर्ति योग्य नही |

### किसी शीर्ष में, एक स्त्रोत की हानि को, उसी शीर्ष के दूसरे स्त्रोत के लाभ से समायोजन (धारा 70 के तहत)

सामान्यतया किसी शीर्ष (Head) के अंतर्गत (पूंजी अभिलाभ शीर्ष से हानि को छोड़कर) विभिन्न स्त्रोतों (Sources) से होने वाली हानि को उसी शीर्ष के अंतर्गत किसी दूसरे स्त्रोतों से होने वाली आय से, समायोजित किया जा सकता है।

उदाहरणार्थ – यदि किसी व्यापारी को वित्तीय वर्ष 2015–16 में कपड़े व्यवसाय से रू. 1,50,000 हानि तथा किराना व्यवसाय से रू. 3,75,000 का लाभ होता है,
तो ऐसी दशा में, इस करदाता व्यापारी की कपड़े व्यवसाय से होने वाली हानि को किराना व्यवसाय से होने वाले लाभ से समायोजित किया जा सकता है।
अर्थात् करदाता की व्यापार शीर्ष के अंतर्गत कुल आय रू. 3,75,000 – रू. 1,50,000 = रू. 2,25,000 मानी जाएगी।


## पुस्तक में विज्ञापन की दरे :

निम्न दरें अगले अंक जो हिन्दी, व अंग्रेजी भाषा में अतिशीघ्र प्रिंट होगा,
के लिए ही लागू होंगी– अत: तुरंत बुकिंग कराए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Back page | full page | 4 color digital printing | Rs. 25,000 |
| Inside of back page | full page | 4 color digital printing | Rs. 20,000 |
| Insideof front page | full page | 4 color digital printing | Rs. 20,000 |
| Inner page | full page | b&w digital printing | Rs. 10,000 |
| Inner page | half page | b&w digital printing | Rs. 5,000 |

विज्ञापन के लिये निम्न नंबर पर संपर्क करे –
Mobile : 07771 83 7771 email : contact@abcpublication.in, web. abcpublication.in